**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-35 का उत्तर।**

------------

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | (क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा) बतायेगें कि दिनांक 12 जून, 2025 को असिस्टेंट प्रोफेसर पद बाल रोग विभाग राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में ई0डब्लू0एस0 (इकोनॉमिकली वीकर सेक्सन) के अंतर्गत साक्षात्कार हेतु कितने चिकित्सक बुलाये गये ? | डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में दिनांक 12.06.2025 को बाल रोग विभाग में ई0डब्लू0एस0 (इकोनॉमिकली वीकर सेक्सन) श्रेणी के अंतर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर के विज्ञापित 01 पद के सापेक्ष आवेदित मात्र 01 चिकित्सक को साक्षात्कार हेतु बुलाया गया। |
| | (ख) | ई0डब्लू0एस0 के तहत जिन चिकित्सकों ने साक्षात्कार दिया उनके प्राप्तांक क्या-क्या है ? | उक्त चिकित्सक द्वारा साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने के कारण ई0डब्लू0एस0 श्रेणी के तहत किसी चिकित्सक का साक्षात्कार नहीं हुआ। |
| | (ग) | क्या उक्त अभ्यर्थियों की सूची सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपर्युक्तानुसार। |
| | (घ) | क्या उक्त चयन प्रक्रिया में जिन चिकित्सकों ने साक्षात्कार दिया है, उन्हें ही चयनित किया गया है ? | ई0डब्लू0एस0 श्रेणी के अंतर्गत आवेदित चिकित्सक द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग न करने के कारण इस पद को कार्मिक विभाग के शासनादेश एवं संस्थान के विज्ञापन में उल्लिखित शर्तो के अनुसार अनारक्षित श्रेणी में मानते हुए अर्ह अभ्यर्थी का साक्षात्कार किया गया तथा चयन समिति द्वारा प्रश्नगत पद हेतु उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन किया गया। |
| | (ड़) | यदि नहीं, तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार। |
| | (च) | उक्त चयन प्रक्रिया में जिन-जिन चिकित्सकों/अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, उन्हें कब तक नियुक्त करायेंगे ? | प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों द्वारा डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग में असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद पर योगदान आख्या प्रस्तुत कर दी गयी है। |

**ब्रजेश पाठक**
**उप मुख्यमंत्री ।**